कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक हिन्दुस्तान कानपुर (उ० प्र०) दिनांक 22 NOV 2014

झाड़ू लगा दिया स्वच्छता का संदेश

तालपुरा की मलिन बस्ती में शुक्रवार को सफाई कार्य करते एनजीओ के सदस्य । ● हिन्दुस्तान

झांसी | कार्यालय संवाददाता

गंदगी के बीच ही गुजर बसर करने वाले मलिन बस्ती के लोग भी शुक्रवार को उस समय सफाई के प्रति सजग हो उठे, जब उन्हें समाजसेवी संगठन और विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के लोगों का साथ मिला। सबने मिलकर गली और खुले क्षेत्रों में फैले कूड़े को साफ किया। साथ ही संकल्प लिया कि अपनी दिनचर्या में सफाई को सर्वोपरि रखेंगे।

सुबह करीब दस बजे परमार्थ समाजसेवी संस्था से संध्या सिंह, बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग से नेहा मिश्रा, प्रवक्ता अभिषेक भारद्वाज, विश्वविद्यालय के ही राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य, सब्जी मण्डी के समीप स्थित तालपुरा की मलिन बस्ती पहुंच गए। वहां रहने वालों में स्वच्छता की अलख जगाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर शुरू किए गए 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' का मंतव्य समझाया और सब मिलकर झाड़ू लेकर सफाई कार्य में जुट गए। पूरे ऊर्जा और उत्साह के साथ सभी ने कूड़े वाले स्थान पर सफाई की। उड़ती धूल के बीच महिलाएं, पुरुष, विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं पूरे जज्बे से झाड़ू लगाते रहे। संध्या सिंह और नेहा मिश्रा ने मलिन बस्ती के लोगों को शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संकल्प दिलाया। खुद घरों और बाहरी क्षेत्र में सफाई रखें, बच्चों को भी स्वच्छता की बातें बताएं। कहा कि स्वच्छता रखने से विभिन्न संक्रामक बीमारी से भी बचा जा सकता है। इसके अलावा सफाई रखने से मन भी स्वच्छ रहता है। शिक्षित लोगों का साथ पाकर मलिन बस्ती के लोगों ने भविष्य में भी स्वच्छता के प्रति संजीदा रहने का संकल्प लिया।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी